an>

Title: Issue regarding railway accident near Harda railway station in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदय, कल बीती मध्य रात्रि में मध्य प्रदेश के हरदा रेलवे स्टेशन के समीप एक बहुत बड़ा रेल हादसा हुआ है। कामायनी एक्सप्रेस, जो मुंबई की तरफ से चलकर भोपाल होकर बनारस जाने वाली थी और दूसरी ट्रेन जनता एक्सप्रेस, जो इटारसी से मुंबई की तरफ जा रही थी, एक पुल टूट जाने के कारण उन ट्रेन्स के डिब्बे पानी में गिर गए। जो समाचार मिल रहे हैं, उनमें 25-30 लोगों की मृत्यू होने की खबर है। माननीय रेल मंत्री जी ने यहां अपना स्टेटमेंट दिया है। घायलों और मृतकों के परिवारों को सहायता देने की घोषणा की है, उसके लिए उनको धन्यवाद देता हूं। हमारे प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी सुबह से ही वहां पर राहत और बचाव के काम में जुटे हुए हैं। मध्य प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों की तरफ से मैं इस घटना पर अपनी संवेदना प्रकट करता हूं। आपके माध्यम से मैं रेल मंत्रालय को ध्यान दिलाना चाहता हूं कि थोड़े दिनों पहले इटारसी के सिगनल सिस्टम में आग लगी थी, जिसमें लगभग 1500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, फिर अब यह घटना हुई है, इसमें कहीं न कहीं ट्रैक में कुछ कमी रही होगी। आपके माध्यम से मेरी मांग है कि रेल मंत्रालय इस विषय को गंभीरता से देखें क्योंकि वहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और इन पर कैसे काबू पाया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री उदय प्रताप सिंह एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।